2721/09-09-2021

**दिनांक–08.09.2021 को अपर मुख्य सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में हुई विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त की समीक्षात्मक बैठक के मुख्य बिन्दुः–**

1. **आधुनिक अभिलेखागार भवन (MRR) के लिए डाटा इंट्री ऑपरेटरः–** आधुनिक अभिलेखागार के लिए नवनियोजित होने वाले डाटा इंट्री ऑपरेटर के संबंध में निम्नाकिंत कार्य किए जाएंः–
   - (i) जिस एजेंसी द्वारा MRR में स्कैनिंग एवं डिजिटाईजेशन के कार्य का पाईलट किया जा रहा है, उनसे विमर्श कर आधुनिक अभिलेखागार भवन में कम्प्यूटर ऑपरेटर के बैठने का स्थान नियत किया जाए।
   - (ii) सभी कम्प्यूटर ऑपरेटरों का डाटाबेस तैयार कर उनकी पदस्थापना R2R सॉफ्टवेयर के माध्यम से करने का प्रस्ताव तैयार किया जाए। साथ ही पदस्थापन के पश्चात् स्थानांतरण की प्रक्रिया एवं इसके लिए उत्तरदायी पदाधिकारियों का निर्धारण करना सुनिश्चित किया जाए।
   - (iii) नवनियोजित डाटा इंट्री ऑपरेटरों को भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय से MRR (DILRMP) के मद अंतर्गत डोंगल की आपूर्ति की जाए। निदेशालय द्वारा राजस्व विभाग के आई0टी0 मैनेजर के साथ समन्वय स्थापित कर यह सुनिश्चित कर लिया जाए कि डोंगल की आपूर्ति कब, कैसे और किस प्रकार की जाएगी।
   - (iv) दिनांक–20.09.2021 को डाटा इंट्री ऑपरेटरों को एक दिवसीय इन्डक्शन प्रशिक्षण ज्ञान भवन, पटना में आयोजित क्रिया जाए, जिसमें प्रेरणात्मक (Motivational) पदाधिकारियों का संबोधन एवं तकनीकी प्रशिक्षण के सत्रों को शामिल किया जाए।
   - (v) डाटा इंट्री ऑपरेटरों के पदस्थापन के पश्चात् प्रशिक्षण के पूर्व उन्हें अपने पदस्थापन वाले अंचल के स्थान पर दूसरे अंचल से संबंद्ध कर दिया जाए।
   - (vi) डाटा इंट्री ऑपरेटरों के प्रशिक्षण के लिए 06 दिनों के प्रशिक्षण कार्यक्रम तैयार किया जाए। प्रशिक्षण के विषयों में महत्त्वपूर्ण अधिनियमों यथा दाखिल खारिज अधिनियम, बिहार विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त अधिनियम एवं नियमावली इत्यादि के साथ साथ विभाग अंचल एवं विभिन्न निदेशालय अंतर्गत किए जा रहे ऑनलाईन कार्य आदि को शामिल किया जाए। साथ ही उन्हें डाटा इंट्री ऑपरेटरों द्वारा की जाने वाली सामान्य गलतियों, कार्य से संबंधित समस्याएँ एवं उनके समाधान, इत्यादि से भी अवगत कराया जाए।
   - (vii) डाटा इंट्री ऑपरेटरों के कार्यों को सुस्पष्ट रूप से परिभाषित किया जाए। आरंभ में उन्हें LPC एवं परिमार्जन से संबंधित कार्य आवंटित किए जाए।

**(अनुपालन–संयुक्त सचिव/आई0टी0 मैनेजर, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, सहायक निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप)**

2. **RSTI, बोधगया एवं पटनाः–** राजस्व सर्वे प्रशिक्षण संस्थान, बोधगया का प्रभार अपर समाहर्त्ता, गया के स्थान पर किसी अन्य पदाधिकारी को देने के लिए संचिका उपस्थापित की जाए। साथ ही प्रशिक्षण कार्यक्रमों को संचालित करने के लिए निदेशालय से पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति भी की जाए। RSTI, बोधगया एवं पटना के प्राचार्य पद के लिए अवकाश प्राप्त पदाधिकारियों से विज्ञापन के माध्यम से आवेदन प्राप्त कर यथाशीघ्र आवश्यक कार्रवाई की जाए।

**(अनुपालन–प्रशाखा पदाधिकारी, भू–अभिलेख एवं परिमाप)**

3. **राजस्व पदाधिकारियों का नियोजन एवं प्रशिक्षण**:–राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग अंतर्गत नियोजि होनेवाले राजस्व पदाधिकारियों की दिनांक–21.09.2021 से 24.09.2021 तक आयोजित कॉउन्सिलिंग के पश्चात् उनका प्रशिक्षण दिनांक–04.10.2021 से 11.10.2021 तक तथा दिनांक–20.10.2021 से दिनांक–05.11.2021 तक दो भागों में विभक्त कर आयोजित किया जाए। राजस्व पदाधिकारियों की पदस्थापना के लिए R2R सॉफ्टवेयर का प्रयोग किस प्रकार किया जा सकेगा। इसके लिए प्रस्ताव तैयार किया जाए।

**(अनुपालन–संयुक्त सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग एवं श्री अनिल कुमार सिंह, अनुदेशक, चकबन्दी)**

4. **विशेष सर्वेक्षण की प्रगति**:–MIS के माध्यम से प्राप्त विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त की प्रगति को देखते हुए विशेष सर्वेक्षण कार्यों की समीक्षा के लिए निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप द्वारा किशनगंज और अररिया, एल0आई0एस0 सलाहकार द्वारा जहानाबाद एवं अरवल तथा सहायक निदेशक, भू–अर्जन द्वारा सीतामढ़ी एवं शिवहर का भ्रमण कर विशेष सर्वेक्षण कार्यों की समीक्षा कर आगामी समीक्षात्मक बैठक में प्रतिवेदन उपस्थापित किया जाए। भ्रमण के क्रम में शिविरवार कर्मियों एवं ई0टी0एस0 मशीन के अधिकतम उपयोग की समीक्षा की जाए।

**(अनुपालन–भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)**

**निदेशक,**
भू–अभिलेख एवं परिमाप,
बिहार, पटना।

**ज्ञापांक**:17–वि0सर्वे0(कार्यवाही)–84 / 2019........2721........**पटना, दिनांक** :–09-09-2021

**प्रतिलिपि**:– संयुक्त सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग / आई0टी0 मैनेजर, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

**निदेशक,**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक**:17–वि0सर्वे0(कार्यवाही)–84 / 2019........2721........**पटना, दिनांक** :–09-09-2021

**प्रतिलिपि**:– श्री अनिल कुमार सिंह, अनुदेशक, चकबन्दी निदेशालय / श्री राकेश कुमार, सहायक निदेशक, भू–अर्जन को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

**निदेशक,**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक**:17–वि0सर्वे0(कार्यवाही)–84 / 2019........2721........**पटना, दिनांक** :–09-09-2021

**प्रतिलिपि**:– एल0आई0एस0 सलाहकार, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

**निदेशक,**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक**:17–वि0सर्वे0(कार्यवाही)–84 / 2019........2721........**पटना, दिनांक** :–09-09-2021

**प्रतिलिपि**:– उप निदेशक, बिहार सर्वेक्षण कार्यालय, गुलजारबाग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

**निदेशक,**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक**:17–वि0सर्वे0(कार्यवाही)–84 / 2019..........2721..........**पटना, दिनांक** :–09-09-2021

**प्रतिलिपिः**– प्रशाखा पदाधिकारी, भू–अभिलेख एवं परिमाप / प्रभारी, विशेष सर्वेक्षण कोषांग शाखा / निदेशालय स्तर के सभी जिलों के नोडल पदाधिकारी / प्रभारी, आई0टी0सेल, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

**निदेशक,**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक**:17–वि0सर्वे0(कार्यवाही)–84 / 2019..........2721..........**पटना, दिनांक** :–09-09-2021

**प्रतिलिपिः**– श्रीमती सरिता कुमारी, प्रोग्रामर, आई0टी0सेल, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय को सूचनार्थ एवं वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

**निदेशक,**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक**: – 17–विशेष सर्वेक्षण (कार्यवाही) – 84 / 2019.....2721..... **पटना, दिनांक** :–09-09-2021

**प्रतिलिपिः**– अपर मुख्य सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

**निदेशक,**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

D:\Sanjeev-2021\Birendra kumar, ASO\Proceeding\Proceeding_08.09.2021.docx